प्रेस प्रकाशनी PRESS RELEASE

भारतीय रिज़र्व बैंक
RESERVE BANK OF INDIA

वेबसाइट : www.rbi.org.in/hindi
Website : www.rbi.org.in
ई-मेल/email : helpdoc@rbi.org.in

संचार विभाग, केंद्रीय कार्यालय, शहीद भगत सिंह मार्ग, फोर्ट, मुंबई - 400 001
Department of Communication, Central Office, Shahid Bhagat Singh Marg, Fort, Mumbai - 400 001 फोन/Phone: 022 - 2266 0502

9 दिसंबर 2024

भारतीय रिज़र्व बैंक ने "भारतीय राज्यों पर सांख्यिकी हैंडबुक, 2023-24" जारी की

भारतीय रिज़र्व बैंक ने आज "भारतीय राज्यों पर सांख्यिकी हैंडबुक, 2023-24" शीर्षक से अपने सांख्यिकीय प्रकाशन के नौवें संस्करण को जारी किया। इस प्रकाशन के माध्यम से, भारतीय रिज़र्व बैंक भारत की क्षेत्रीय अर्थव्यवस्था पर व्यापक आंकड़ों का प्रसार करता है।

यह प्रकाशन 1951 से 2024 तक की विभिन्न समयावधियों में भारतीय राज्यों में सामाजिक-जनसांख्यिकी, स्वास्थ्य, राज्य घरेलू उत्पाद, कृषि, पर्यावरण, मूल्य और मजदूरी, उद्योग, बुनियादी ढांचा, बैंकिंग और वित्तीय संकेतकों पर उप-राष्ट्रीय आंकड़ों को प्रदान करता है। हैंडबुक के वर्तमान संस्करण में, मौजूदा डेटा श्रृंखला के अद्यतनीकरण के अलावा, निम्नलिखित संकेतकों पर आठ नई तालिकाएँ शामिल की गई हैं:

(i) **सामाजिक और जनसांख्यिकीय संकेतक**

- स्कूल शिक्षा के स्तर के अनुसार सकल नामांकन अनुपात का राज्यवार लैंगिक समानता सूचकांक;

(ii) **राज्य घरेलू उत्पाद**

- राज्य योजित सकल मूल्य (वर्तमान मूल्य);
- राज्य योजित सकल मूल्य (स्थिर मूल्य);

(iii) **पर्यावरण**

- विभिन्न योजनाओं के अंतर्गत राज्यवार वनरोपण;
- शीत लहर वाले दिनों की राज्यवार औसत संख्या;
- ग्रीष्म लहर (हीट वेव) वाले दिनों की राज्यवार औसत संख्या;

(iv) **बुनियादी ढांचा**

- अधिकतम मांग बनाम अधिकतम आपूर्ति के संदर्भ में राज्यवार वास्तविक विद्युत आपूर्ति स्थिति;
- प्रबंधन और कार्यात्मक कंप्यूटर सुविधा की उपलब्धता के अनुसार स्कूलों की राज्यवार संख्या।

हैंडबुक का इलेक्ट्रॉनिक रूप www.rbi.org.in पर उपलब्ध है।

हैंडबुक पर टिप्पणियां और सुझाव निदेशक, क्षेत्रीय अर्थव्यवस्था निगरानी प्रभाग, आर्थिक और नीति अनुसंधान विभाग, भारतीय रिज़र्व बैंक, 6वीं मंजिल, अमर बिल्डिंग, मुंबई 400001 को या ईमेल द्वारा भेजे जा सकते हैं।

(पुनीत पंचोली)
मुख्य महाप्रबंधक

प्रेस प्रकाशनी: 2024-2025/1664